हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 10.10.2024

# सुरक्षा व्यवस्था को एडीजी आईजी ने की पैदल गश्त



कोतवाली जिला अस्पताल रोड पर कमिश्नर एडीजे व अन्य अधिकारियों ने गश्त की।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए अधिकारियों ने बुधवार शाम शहर में गश्त की। इस दौरान एडीजी, आईजी और कमिश्नर ने पैदल गश्त की तो एसएसपी ने घोड़े से गश्त की।

आगामी त्योहार दशहरा, दीपावली आदि को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में बुधवार शाम पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने सिविल लाइंस से लेकर किला तक भीड़ वाले इलाके में गश्त की। इस दौरान एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने पैदल गश्त कर सिविल लाइंस, नावल्टी चौराहा, जिला अस्पताल रोड, इंदिरा मार्केट आदि क्षेत्र के दुकानदारों से बातचीत की और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अपील की। अधिकारियों ने लोगों से कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखें, अफवाह न फैलाएं और न ही फैलने दें। एसएसपी अनुराग आर्य ने इस दौरान घोड़े पर गश्त कर बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर एसपी सिटी मानुष पारीक समेत, सभी सीओ और थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 10.10.2024

### सड़कों पर निकले अफसर, घोड़े पर बैठकर की गश्त

बरेली। त्योहारों से पहले लोगों में सुरक्षा का अहसास कराने के लिए अधिकारी बुधवार रात सड़क पर दिखाई दिए। एडीजी से लेकर कमिश्नर तक ने कुतुबखाना के व्यस्त इलाके का जायजा लिया।

एसएसपी ने घुड़सवार पुलिस संग किला क्रॉसिंग से चौपुला तक गश्त की। एडीजी जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य व एसपी सिटी मानुष पारीक आदि अधिकारी रात साढ़े नौ बजे के करीब कोतवाली पहुंचे।

वहां से कुतुबखाना चौराहा होते हुए थाना किला क्षेत्र के बड़ा बाजार, सराय चौकी, दूल्हे मियां की मजार, सिटी सब्जी मंडी से रेलवे क्रॉसिंग किला तक अफसरों ने पैदल गश्त की।

किला रेलवे क्रॉसिंग के पास घुड़सवार पुलिस का दस्ता पहुंच गया। फिर एसएसपी व एसपी सिटी घोड़ों पर सवार हो गए। इस दौरान सीओ प्रथम, सीओ द्वितीय व संबंधित थानों के प्रभारी भी फोर्स के साथ मौजूद रहे। संवाद

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 10.10.2024





घोड़े पर बैठकर गश्त करने निकले एसएसपी तो कमिश्नर, एडीजी और आईजी ने पैदल लिया शहर का जायजा।

### एडीजी, कमिश्नर और आईजी ने की पैदल गश्त

**बरेली, अमृत विचारः** रामनवमी और दशहरा के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार रात पैदल और घोड़े पर सवार होकर गश्त की।

एडीजी जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक ने पुलिस फोर्स के साथ थाना कोतवाली क्षेत्र के नावल्टी चौराहे से किला क्रॉसिंग तक पैदल गश्त की। एसएसपी ने इसके बाद घोड़े पर सवार होकर गश्त की। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों पर किसी तरह की खुराफात बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि गश्त के दौरान शहरवासियों को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

**दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 10.10.2024**

# जोन और रेंज के अधिकारियों ने की शहर में पैदल गश्त

जासं, बरेली : त्योहारों को देखते हुए जोन, रेंज से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था परखी। सभी ने कोतवाली से लेकर किला पुल तक पैदल गश्त की। इसके बाद कप्तान ने जैकी (घोड़े के नाम) पर सवार होकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। किला पुल से लेकर पुलिस लाइन तक कप्तान अनुराग आर्य घोडे पर ही सवार होकर वापस पहुंचे।

त्योहारों के चलते किसी भी तरह का कोई उपद्रव न हो, कोई भी खुराफात करने का प्रयास न करे। इसके लिए बुधवार शाम को एडीजी रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल व आइजी डा. राकेश सिंह के साथ डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य ने कोतवाली से लेकर किला पुल तक पैदल भ्रमण किया। लोगों से बातचीत की। किसी भी सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था देखने के साथ ही लोगों से शांति व्यवस्था की बात कही। इस मौके पर उनके साथ एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव, सीओ द्वितीय संदीप सिंह, कोतवाली इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, किला इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# एडीजी, आईजी और कमिश्नर ने किया पैदल मार्च तो एसएसपी घोड़े पर निकले

## आगामी त्योहारों की सुरक्षा को लेकर की गश्त

युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर

**बरेली।** आगामी नवरात्र, दशहरा समेत त्योहारों की सुरक्षा को लेकर बुधवार शाम एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह और कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने पैदल मार्च किया। सिविल लाइंस से लेकर किला इलाके तक सुरक्षा का जायजा लिया, जबकि एसएसपी अनुराग आर्य घोड़े पर सवार होकर गश्त पर निकले।

इस दौरान शहर में काफी पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। हालांकि बाद में डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य भी वरिष्ठ अफसरों के साथ पैदल गश्त में शामिल हुए। दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों को शांति और सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। अधिकारियों ने सिविल लाइंस, नावल्टी चौराहा, जिला अस्पताल रोड, और इंदिरा मार्केट जैसी भीड़भाड़ वाली जगहों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और आम लोगों से बातचीत की, उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया और सोशल मीडिया पर फैलने वाली



अफवाहों को लेकर सतर्क रहने की अपील की। एसएसपी अनुराग आर्य ने घोड़े पर गश्त करते हुए बाजार में सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। इस गश्त के दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, सभी सीओ और थाना प्रभारी भी मौजूद रहे, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला समेत अफसरों ने त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखने पर जोर दिया।

खुसरो मेल जनपद बरेली दिनॉक 10.10.2024

# एडीजी, कमिश्नर, डीएम संग सड़को पर उतरे अधिकारी, दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**खुसरो मेल संवाददाता**

**बरेली।** रामनवमी और दशहरा त्योहारों के चलते बुधवार को बरेली मे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। बरेली कोतवाली से शुरू होकर कुतुबखाना, बड़ा बाजार, किला और अलखनाथ मंदिर तक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में एडीजी जोन रमित शर्मा, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक, पैरामिलिट्री फोर्स, क्यूआरटी फोर्स मौजूद रही। आने वाले त्योहारों पर जनता में विश्वास लाने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया। एडीजी रमित शर्मा ने युवाओं को विनम्रता का परिचय देते हुए पहले हाथ जोड़े फिर दो युवकों के कंधे पर हाथ भी रखा। यह युवक खुद अफसरों के साथ चलने लगे। हालचाल पूछा, बाद कमिश्नर व एसएसपी से भी परिचय कराया। शहर के व्यस्त इलाके मे व्यापारी लोग अपना व्यापार करते हैं उन इलाकों में गश्त की गई है और सभी लोगों से वार्ता करके उनके अंदर कॉन्फिडेंस दिया गया है। इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे और त्योहारों के समय पर सभी लोगो को पता रहे कि पुलिस उनके साथ मौजूद है इसके लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है।।

# टेलीग्राम संवाद जनपद बरेली दिनॉक 10.10.2024



## प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च, शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की सलाह